**Q.P. Code :03772**

**[ समय: ३ घंटे ]** **[अंक: १००]**

**Revised Course**

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना:** **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**

**२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |**

**प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए |** **२०**

अ) "आया होगा न जाने किस काम से वह
न जाने कितनी बातें रही होंगी मुझसे कहने को
चली गई हैं सारी बातें भी लौट कर उसी के साथ
रस्ते में हो सकता है कहीं उसने पानी तक न पिया हो
सोचा होगा शायद उसने कि यहीं मेरे साथ पिएगा चाय
कैसा लगता है इस तरह किसी का घर से लौट जाना |"

**अथवा**

"बहुत हो चुका
शोषण
प्रताड़ना
और उपेक्षा
बस, अब मेरा ज्वालामुखी फट पड़ेगा |"

आ) "अबे, चल दायित्व वाले दो कौड़ी का मास्टर, पीढ़ी के निर्माण की बात करता है | अब पीढ़ी को तेरी जरुरत नहीं रही | वह अपना निर्माण स्वतः कर रही है | पीढ़ी के निर्माण की बात करके तू अपनी औकात भूल रहा है | तेरी हस्ती ही क्या हैं - पीढ़ी की फीस पर पलने वाला |"

**अथवा**

"देखिए, आप दाल-रोटी खाइए या नमक रोटी लेकिन एक बात समझ लिजिए-इधर भड़काने वाले बहुत हैं, घर-घर यह बात पहुँच जाएगी कि जो खुद नमक रोटी खाता है वह हमे मालपुए कहाँ से खिलाएगा ? और इस एरिया के लोग भोले-भाले, नादान है |"

**प्र.२ निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **२६**

क) 'पिता' कविता में कवि ने मजदूर पिता की कारुणिक दशा का चित्रण किस प्रकार किया है? समझाइए |

**अथवा**

'सात भाईयों के बीच चम्पा' कविता में लड़कियों के अस्तित्व को किस प्रकार व्यक्त किया है? स्पष्ट किजिए |



2C7370767C7B450E28DCC849F6CE6499

ख) 'प्रधानमंत्री क्यों नही हँसते' निबंध के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए |

**अथवा**

'मनुष्य और ठग' निबंध में हमारे देश की सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक व्यवस्था पर किस प्रकार व्यंग्य किया है ? सोदाहरण लिखिए |

**प्र.३ निम्नलिखित किसी एक सामान्य प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **१४**

१. 'वृद्धाएँ' कविता में बुजुर्गों की उपेक्षित जीवन को किस तरह से बतलाया गया है? स्पष्ट किजिए |

२. 'बेवकुफी का कोर्स' निबंध के व्यंग्य को स्पष्ट किजिए?

**प्र.४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **१०**

ग) 'खोज की बुनियाद' कविता में नारी-विद्रोह की भावना |

**अथवा**

'परिवर्तन' कविता का केन्द्रीय भाव |

घ) 'देश सेवा के आखाड़े' में निबंध का संतरी |

अथवा

'प्रतिभा शोध निकेतन' व्यंग्य में फिल्मों का समाज पर पड़ता प्रभाव |

**प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **१०**

१. कवि राजेश जोशी को उनके नाम से कौन नहीं जानता है ?

२. कवि ओम प्रकाश वाल्मीकि का ज्वालामुखी कब फट पड़ेगा ?

३. 'पिता' कविता में कवि के अँगुलियो के निशान कहाँ पर थे ?

४. 'चम्पा' को तालाब में किनके बीच दबा दिया गया ?

५. सुशीला टाकभौरे आसमान में किस प्रकार उड़ना चाहती है ?

६. प्रधानमंत्री क्यो नहीं हँस सकते ?

७. तीसरा मास्टर कौन-सा विषय पढ़ा रहा था ?

८. देश - सेवियों का भोजन कैसा होता है ?

९. 'मनुष्य और ठग' निबंध में सत्य क्या है ?

१०. बेवकुफ बनाने वालों में प्रथम स्थान पर कौन है ?

**प्र.६ च) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए |** **१०**

१. स्वच्छ भारत, स्वास्थ्य भारत |

२. महँगाई और आम जनता |

३. नई शिक्षा नीति |

४. साहित्य और राष्ट्र निर्माण



2C7370767C7B450E28DCC849F6CE6499

**छ) निम्नलिखित सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

१. **निम्नलिखित विशेषण शब्दों की रचना कीजिए | (कोई दो)**
   क) सुंदर   ख) कमजोर   ग) बड़ा   घ) पाँच
२. **निम्नलिखित भाववाचक शब्दों कि रचना कीजिए | ( कोई दो )**
   क) बूढ़ा   ख) दोस्ती   ग) अपना   घ) निज
३. **निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन कीजिए | (कोई एक)**
   क) राजा   ख) मोर
४. **निम्नलिखित शब्दों का वचन परिवर्तन कीजिए | (कोई एक)**
   क) लड़की   ख) आँख
५. **निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए | (कोई दो)**
   क) कमल   ख) कपडा   ग) नदी   घ) जल
६. **निम्नलिखित शब्दों का विलोमार्थी शब्द लिखिए | (कोई दो)**
   क) चोर   ख) नया   ग) प्यार   घ) अधंकार



2C7370767C7B450E28DCC849F6CE6499